प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के मुद्दे पर सदन में आज विपक्ष ने किया हंगामा : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने को चर्चा की मांग।
2. शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज नीट परीक्षार्थियों को दिया आश्वासन : कहा– दोषियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज खनन विभाग की प्रस्तावित नीति पर किया विमर्श : कहा– प्राकृतिक बालू का बेहतर विकल्प होगा एम–सैंड, शीघ्र लागू करें नीति।

और

4. प्रदेश के कई ज़िलों में बारिश से मौसम हुआ सुहावना : मौसम विभाग ने प्रदेश के 45 से अधिक जनपदों के लिये जारी किया बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

——————————

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा –नीट के मुद्दे को लेकर विपक्ष के विरोध के बाद लोकसभा को आज दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में भी नीट के मुद्दे पर खूब हंगामा हुआ।

पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस सदस्यों ने इस मुद्दे पर शिक्षा

मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और अन्य सदस्य आसन के नजदीक आ गए। अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा, इस मुद्दे पर विचार के लिए एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठा सकते हैं। हंगामा बढ़ता देख सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वे विद्यार्थियों को संदेश देना चाहते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर चर्चा होनी चाहिए।

*हिंदुस्तान के जो स्टूडेंट्स है उनको हम जॉइन्ट मैसेज देना चाहते थे ऑपोजिशंस और सरकार के साइड से की इस मुद्दे को हम जरूरी मानते हैं और इसीलिए हमने सोचा था कि आज स्टूडेंट्स की रिस्पेक्ट करने के लिए हम नीट पर डिस्कशन करें।*

नीट मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। उत्तेजित सदस्यों के साथ, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मुद्दे पर विरोध करते हुए सभापति के आसन के पास आ गए। सभापति जगदीप धनखड़ ने श्री खरगे के आचरण पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि विपक्ष के नेता आसन के पास आये। हंगामे क बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नीट परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि सभी दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बाइट....

*मैं विद्यार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं देशवासियों को आश्वसस्त करना चाहता हूं, कड़ी से कड़ी कार्रवाई हम करने वाले हैं वे सारे कार्यक्रम शुरू हो गये " सीबइआई की गाज गिरने वाली है, जो भी लोग इसके तहत हम किसी को नहीं छोड़ेगे। आगे परीक्षा की सुरक्षा के लिये एक विश्वसनीय उच्च स्तरीय समिति बनाई गई राधा कृष्णन जी के नेतृत्व में। इसरो के पूर्व चेयरमैन की अध्यक्ष्चता में जो परीक्षाओं की विसंगति आई है, जल्द ही उन लोगों की परीक्षा भी एनटीए घोषित कर देगा।*

उधर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में सुधारों की सिफारिश के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों से सुधार और पुनर्गठन पर सुझाव मांगे हैं। समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन कर रहे हैं। समिति मायगव वेबसाइट के माध्यम से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं स्वीकार करेगी। समिति को दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है, जिसमें परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रणाली में सुधार तथा एनटीए की संरचना और कार्यशैली पर सिफारिशें की जाएंगी।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नदी की रेत और प्राकृतिक बालू के स्थान पर एम–सैंड यानि मैन्युफैक्चर्ड सैंड को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार अतिशीघ्र एम–सैंड नीति लागू करेगी, जिससे प्राकृतिक बालू व रेत के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी। खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर विमर्श करते हुए आज मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण और नदियों के ईको सिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टेनेबल विकास को गति दी जाए। इस दृष्टि से एम–सैंड एक बेहतर माध्यम है। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे। नई नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एम–सैंड के गुणवत्ता मानकों को बनाये रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें जीवन और संपत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी एम–सैंड निर्माता अपने उत्पाद के लिये बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। खनन पट्टा धारकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ई–अभिवहन प्रपत्र जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए हैं। बरसात के मौसम में बालू की कीमतों को नियंत्रित रखने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने इनके भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के 88 राजकीय विद्यालयों में एक हजार चार सौ चौव्वन शिक्षक और एक सौ 63 गैर शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। प्रदेश में बने 75 राजकीय इंटर कॉलेज तथा 13 राजकीय हाईस्कूल के लिये शिक्षक और शिक्षणेत्तर

कर्मचारी के पदों की संख्या जारी कर दी गई है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने आदेश जारी किया है। शिक्षक के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया क्या होगी, इस पर जल्द निर्णय होगा, जबकि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पद आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जायेंगे।

75 नये राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के 75, प्रवक्ता के 750, सहायक अध्यापक के 525 और कनिष्ठ सहायक के 150 पद होंगे। वहीं राजकीय हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक क 13, सहायक अध्यापक के 91 और कनिष्ठ सहायक के 13 पदों पर भर्ती होगी।

———————

प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की साइट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि एयरपोर्ट का विकास सितम्बर 2024 तक पूरा कर लिया जाए और दिसम्बर तक एयरपोर्ट का कमर्शियल ऑपरेशन शुरू किया जाए। निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि फारेस्ट डिपार्टमेंट रेस्क्यू सेंटर का कार्य प्राथमिकता में पूरा कराए। सभी तरह के इक्विपमेंट जो एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा लगाए जाने हैं, उसे सितंबर तक लगाया जाये।

———————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू होंगे। नये आपराधिक कानूनों के तहत भारतीय कानून प्रणाली में छोटे अपराधों के लिय सामुदायिक सेवा की शुरूआत एक क्रांतिकारी कदम है। यह सेवा की प्रकृति को स्वीकृत किये जाने वाले अपराध से जोड़ता है। यह अपराधी को उनके काया के लिये जिम्मेदारी प्रदान करता है ओर कारावास की व्यवस्था पर बोझ को कम करता है।

सामुदायिक सेवा जरूरतमंद लोगों के विभिन्न समूह की मदद कर सकती है। मसलन, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, विकलांग लोग, भाषा सीखने वाले आदि। यह आश्रय स्थलों पर जानवरों की भी मदद कर सकती है। इसका उपयोग स्थानीय पार्क, ऐतिहासिक इमारतें, दर्शनीय क्षेत्र आदि स्थानों को बेहतर बनाने के लिये किया जा सकता है।

भारतीय न्याय संहिता के अनुसार पांच हजार रुपये से कम के अपराध के लिय संपत्ति की चोरी की पहली सजा, अवैध व्यापार में लोक सेवकों की संलिप्ता, शराबी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थान पर दुराचार और मानहानि जैसे मामलों में अपराधो सामुदायिक सेवा के पात्र होंगे।

——————————

प्रदेश के कई ज़िलों में आज बारिश और तेज हवाओं से मौसम सुहावना हो गया। बीते 24 घंटे में मुरादाबाद में 44 दशमलव चार मिली मीटर, गाजीपुर में 72 दशमलव दो मिलीमीटर, बुलंदशहर और कुशीनगर में 66 मिलीमीटर

बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, पीलीभीत, बलिया समेत अन्य इलाकों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे कई जगहों पर जलभराव के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण झांसी, कानपुर, बरेली, आगरा और मेरठ मंडल में रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश के 45 से अधिक जनपदों में कल बारिश हो सकती है। विभाग की ओर से इन जनपदों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें लखीमपुर खीरी, हरदोई, मैनपुरी, लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, जालौन, बांदा, सीतापुर, पीलीभीत समेत अन्य जनपद शामिल हैं। अगले 24 घंटे के दौरान इन जनपदों में गरज के साथ बौछार पड़ने और कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

——————————

वाराणसी के ललित उपाध्याय पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। ललित का चयन भारतीय हॉकी टीम में हुआ है। ये दूसरा मौका है जब वो ओलम्पिक टीम का हिस्सा होंगे। इससे पहले वो टोक्यो ओलम्पिक्स में भी भाग ले चुके हैं। पेरिस ओलम्पिक 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक आयोजित किए जाएंगे। उनके चयन से वाराणसी के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

(समाप्त)